एतद्बृहज्जातके वराहमिहिरेण प्रोक्तम् । एवं द्रेष्काणैस्तस्कारा उक्ता इति । राशिभ्य उक्ता इति । राशिभ्यः कालदिग्देशः इति । राशीनां कालविभागः— "मेषाद्याश्चत्वारः सधन्विमकराः क्षपाबला ज्ञेया" इति जातके उक्तम् । तेन मेषवृषमिथुनकर्कटधन्विमकराणामन्यतमे लग्ने संस्थे रात्रावपहृतम् । सिंहकन्यातुलावृश्चिककुम्भमीनानामन्यतमे दिवालग्ने स्थिते दिवागतमिति । एवं कालदिङ्मेषसिंहधनुषि पूर्वस्यां गतम् । वृषकन्यामकरैर्दक्षिणस्यां । मिथुनतुलाकुम्भैः पश्चिमायां । कर्कवृश्चिकमीनैरुत्तरस्यां दिशि गतमिति । अथ मेषलग्ने पृच्छाकाले स्थिते मेषे चरे भूमौ, वृषे गोकुलादौ, मिथुने गीतनृत्यस्थाने संग्रामभूमौ वा, कर्कटके जलसमीपे, सिंहे अरण्यभूमौ, कन्यायां नौसमीपे, तुलायामापणगृहे, वृश्चिके बिले श्वभ्रे, धनुषि संग्रामे च प्रकारभूमौ, मकरे जलसमीपे, कुम्भे शिल्पगृहे भाण्डोपस्करसमीपे, मीने जलसमीप इति । स्वचराश्च सर्वे इति बृहज्जातके प्रोक्तम् । वयो जातिश्च लग्नपादिति । लग्नपात् लग्नेशात् चौरस्य वयःप्रमाणं जातिं च वदेत् । तथा च संहितायाम्—"वयांसि तेषां स्तनपानबाल्यव्रतस्थिता यौवनमध्यवृद्धाः । अतीववृद्धा रविचन्द्रभौमज्ञशुक्रवाग्मीनशनैश्चराणा"मिति । एवं चन्द्रे लग्नपत्तौ शिशुः भौमे तु चतुर्थवर्षाधिकः, बुधे ब्रह्मचारी द्वादशाब्दः, शुक्रे यौवनोपेतः द्वात्रिंशदब्दः, गुरौ मध्यवयः खपञ्चाब्दः, सूर्ये सप्तत्यब्दः वृद्धः, सौरेऽतीववृद्धः अशीत्यब्दः । जातिः ब्राह्मणादिः "जीवसितौ विप्राणां क्षत्रस्यारोष्णगू विशां चन्द्रः । शूद्राधिपः शशिसुतः शनैश्चरः शङ्करभवाना"-मिति ॥ १३ ॥

भाषा—प्रश्नलग्नके नवमांशसे नष्ट वस्तुका निर्णय जैसे-धातु, जीव, मूल आदि होता है, तथा, उसका वर्ण राशिवर्णके अनुसार ही समझना चाहिये, तथा नवांश राशिके अनुसार दीर्घ ह्रस्व-मध्य आदिका ज्ञान और नवांशपतिके बलाबल के क्रमसे वस्तुके सारासार तत्वका ज्ञान करना चाहिये । चौरका वर्ण ज्ञानके लिये द्रेष्कासे विचार करना चाहिये, समय ज्ञानके लिये दिवाबली रात्रि बली संध्यावली राशिके अनुसार समझना चाहिये । दिशा ज्ञानके लिये मेषादिक राशियां जिस प्रकार पूर्वादि दिशामें बली हैं तदनुसार पूर्वादिक दिशाका ज्ञान करना चाहिये । नष्ट वस्तुके स्थान जाननेके लिये जलचर वनचर ऊषर इत्यादि राशिके क्रमानुसार समझना चाहिये । लग्नेशकी जाति और अवस्थानुसार अवस्था और जाति समझनी चाहिये इत्यादि ॥ १३ ॥

विशेषः—धातु, मूल, जीव, चिन्ता निर्णयके लिये द्वितीय अध्यायके सप्तम श्लोकानुसार नवांश विषम तथा सम राशिके होनेसे निर्णय करना। वर्णके लिये जैसे "रक्तः श्वेतः शुकतनुनिभः" इत्यादिके क्रमानुसार, बलाबलके लिये जैसे अन्तः सारान् जनयति रविर्दुर्भगान् सूर्यसूनुः" इत्यादिसे, चौरके वर्णज्ञानके लिये राशिवर्णानुसार तथा ग्रहबलीके क्रमसे जैसे 'विप्राधीशौ भार्गवेज्यौ कुजार्कौ' इत्यादि से जाति निर्णय करना और "मेषे च सिंहे धनु पूर्वभागे" इत्यादिसे दिशाका ज्ञान करना चाहिये। इत्यादि॥ १३॥

इति वराहमिहिरात्मज–दैवज्ञ–पृथुयशो–विरचितायां षट्पञ्चाशिकायां मिथिला—देशान्तर्गत–बरौनी–ग्रामवास्तव्य–ज्यौतिष–धर्म्मशास्त्राचार्य–ज्यौतिषतीर्थ-काव्यरत्न–मैथिल–झोपाख्य–श्रीदीनानाथशास्त्रि–कृतभाषाटीकायां मिश्रिकाध्यायः सप्तमः समाप्तः।

समाप्तश्चायं ग्रन्थः।

अस्य सर्वाऽधिकारोऽस्ति रक्षितो हि प्रकाशकैः।
अत्रत्यविषयास्तेन प्रकाश्या नैव केनचित्॥

मुद्रकः—विद्याविलास प्रेस, बनारस सिटी। २······

वनमाला

सान्वय-'अमृतधारा' हिन्दी टीका सहित।

पं० जीवनाथ झा विरचित फलित ग्रन्थों में यह सर्व श्रेष्ठ ग्रन्थ है। इस ग्रन्थ में प्रश्न के आधार पर, ग्रहों की स्थिति पर, वायुकी परिस्थिति पर तथा प्राकृतिक अनेक लक्षणों से वृष्टि का विचार एवं फसल का परिणाम तथा धान्य के व्यापार आदि विषयों का भी विचार सुचारु रूप से किया हुआ है। लघु होने पर भी सर्वोपयोगी होने से बड़े ही महत्व का यह ग्रन्थ है। ।)

धराचक्रम्

'सुबोधिनी' भाषा टीका सहितम्।

यदि आप रत्नगर्भा भगवती वसुन्धरा के अन्तःप्रदेश के महारत्नों की गवेषणा करने के इच्छुक हों तो महर्षिलोमश प्रणीत इस "धराचक्र" नामक ग्रन्थ को एक बार अवश्य ही देखिये। इसकी सरल 'सुबोधिनी' भाषा टीका को पढ़ने से आपको स्वयं ही इस बात का ज्ञान हो जायगा कि अमुक अमुक जगह पृथिवी के नीचे रत्न, महारत्न आदि हैं। ≡)

लोमशसंहितोक्त-भृगुसंहितोक्त—

भावफलाध्यायः

'सुबोधिनी'—'विमला' भाषाटीका सहितः।

वर्त्तमान युगमें महर्षि लोमश प्रणीत 'लोमशसंहिता' तथा महर्षि भृगु प्रणीत 'भृगुसंहिता' का कितना यथाथ फल घटता है; यह बात सब विदित है। इन्ही उपर्युक्त दोनों महान् ग्रन्थों के सार भूत प्रस्तुत "भावफलाध्याय" नामक ग्रन्थ है। आज तक प्रायः इसका विशुद्ध संस्करण अप्राप्य ही था, जन साधारण की सुभीता के लिये महर्षि लोमश प्रणीत 'भावफलाध्याय' तथा महर्षि भृगु प्रणीत भावफलाध्याय' नामक दोनों ग्रन्थ एक ही जिल्द में प्रकाशित कर दिये गये हैं। ।)

बृहत-होडाचक्रविवरणम्।

सम्पादक—ज्यौतिषाचार्य-पण्डित श्री मुरलीधरठक्कुरः।

इसमें लोकोपयुक्त मौहूर्तिकसंग्रह को एकत्र करके उन सब श्लोकों की हिन्दी टीका भी छाप दी है। व्यवहारमें तथा परीक्षा में जितने भी विषय आ सक्ते हैं, कोई भी विषय छूटने नहीं पाये हैं। शतपथचक्र, नक्षत्रचक्र, राशिचक्र, वरवधू-मेलापक चक्र, घातचक्र, लग्न बनाने की विधि आदि १० चक्र भी दिये गये हैं। ।≡)

ताजिकनीलकण्ठी

जलदगर्जना-उदाहरणचन्द्रिका संस्कृतहिन्दीटीकया,
गूढग्रन्थिविमोचिनी-वासनया च सहिता ।

उपर्युक्त सभी टीकाओं में अपने २ नाम के अनुकूल ग्रन्थ के परीक्षोपयोगी समस्त विषयों और कठिन स्थलों को इतनी सरलता से सिद्ध किया है कि प्रत्येक सुकोमलमति बालक भी थोड़ा सा अनुगम करके अपने आप भी उन विषयों का ज्ञान और अभ्यास कर सकता है। ४)

जन्मपत्रदीपकः ।

सोदाहरण सटिप्पण-हिन्दीटीकासहितः ।

इस छोटी सी पुस्तक में जन्मपत्र बनानेकी कुछ विधियां ऐसी सरलता पूर्वक नये ढङ्ग से लिखी गई हैं कि साधारण पढ़ा लिखा व्यक्ति भी इसका आद्योपान्त मनन करके अच्छी से अच्छी कुण्डली (जन्मपत्रिका) बना सकता है। सर्व साधारण को गूढ़ विषयों का सुलभता पूर्वक झटिति परिज्ञान होजाने के लिये अत्यन्त सरल सुबोध हिन्दीभाषा में टीका और उदाहरण एवं जगह२ पर आवश्यक टिप्पणी भी कर दी गई है। अभिनव परिवर्द्धित द्वितीय संस्करण १।)

बीजगणितम्

दैवज्ञ पण्डित श्रीजीवनाथझाविरचित-उदाहरणोपपत्तिसमन्वित 'सुबोधिनी' संस्कृतटीका सहित-संस्कृताभिनवीनोपपत्ति सविशेष भाषोदाहरण-संवलित 'विमला' टीकाद्वयसहितम् ।

जीवनाथी टीका की प्रशंसा भारत के सभी प्रकाण्ड विद्वानोंने मुक्त कण्ठसे कर रहे हैं। इसके विषयमें प्रस्तुत संस्करण की विशेषता यह है कि जीवनाथी टीकामें जो प्राचीनता थी याने फ्लैकशन वगैरह; जोकि आधुनिक समयमें दिया जाता है। विशद रूपसे परिष्कृत कर दिया गया है तथा मूलके साथ २ जीवनाथी टीका की विस्तृत भाषा टीका, नवीन उदाहरण और नवीन उपपत्ति भी दी गयी है। संस्कृत संसारमें उथल-पुथल मचाने वाला यह संस्करण प्रथम वार ही प्रकाशित हो रहा है। शीघ्र प्राप्त होगा

ग्रहलाघवम्

विश्वनाथकृत व्याख्योदाहरणयुत-नूतनोदाहरणोपपत्ति संवलित माधुरी नामक संस्कृत हिन्दीटीका द्वयोपेतम् ।

आज तक इस ग्रन्थ की कोई भी ऐसी सरल टीका नहीं थी जिससे विद्यार्थी सुलभता पू र्क ग्रन्थ का आशय समझ कर परीक्षामें पूरी सफलता प्राप्त करसकें। विश्वनाथी टीका के साथ इसकी माधुरी नामक परीक्षोपयुक्त संस्कृत हिन्दी टीकामें ग्रन्थाशय को अत्यन्त सरल शब्दों में समझाया गया है एवं विश्वनाथी उदाहरण के अतिरिक्त नवीन उदाहरण तथा उपपत्ति भी यथा स्थान दे दी गई है जिससे इस संस्करण का महत्व और भी बढ़ गया है। ३॥)

सूर्यसिद्धान्तः

तत्त्वामृतभाष्योपपत्ति-टिप्पणीभिः सहितः ।

पूर्व प्रकाशित सभी टीकाओं के गुण दोषों की समालोचना करके प्रस्तुत संस्करण प्रकाशित किया गया है। बड़े बड़े विद्वानोंने उपर्युक्त तत्त्वामृतभाष्य को निरीक्षण करके मुक्त कण्ठ से इसकी प्रशंसा की है। सूर्यसिद्धान्त का ऐसा प्रशंसनीय संस्करण यह प्रथम बार ही प्रकाशित हुआ है ३॥)

वास्तुरत्नावली

सोदाहरण-'सुबोधिनी' संस्कृत-हिन्दी टीका परिशिष्ट सहित ।

आज तक इस ग्रन्थ की कोई भी ऐसी सरल टीका नहीं थी जिससे परीक्षार्थी विद्यार्थी सुलभता पूर्वक इस ग्रन्थ का आशय समझ सकें। अतः इस अभिनव संस्करण में अवतरणों के साथ २ प्रत्येक श्लोकों की परीक्षोपयोगी उदाहरण सहित संस्कृत हिन्दी टीका, नाना चक्र और अन्तमें बृहत्परिशिष्ट दिये गये हैं। २)

जामानिसूत्रम्

सोदाहरण-'विमला' संस्कृत-हिन्दी टीका द्वयोपेतम् ।

अन्य प्रकाशित संस्करणों में जो कुछ अधूरापन और त्रुटियां थीं उन सभी परीक्षोपयोगी विषयों का समावेश प्रस्तुत संस्करण में कर दिया गया है १॥)

जातकपारिजातः-(सचित्रः)

'सुधाशालिनी' 'विमला' संस्कृत-हिन्दी टीकाद्वयोपेतः

परीक्षोपयोगी सरल संस्कृत-हिन्दी टीका, उपपत्ति तथा पदार्थनिर्देशक नाना चित्र-चक्र आदि विविध विषयों से विभूषित सर्व गुणोपेत यह अभिनव सर्वोत्तम बृहत संस्करण प्रथम बार ही प्रकाशित होकर संस्कृत संसार में उथल-पुथल मचा रहा है। ६)

मास्टरमणिमालाया एकादशो मणिः (ज्यौतिषविभागे चतुर्थः ४)

* श्रीः *

नरपतिजयचर्योक्त—

अहिबलचक्रम् ।

भाषाटीकासहितम्

टीकाकारः—

पं० श्रीसीताराम झा, ज्यौ० आ०

प्रकाशकः—

मास्टर खेलाड़ीलाल ऐण्ड सन्स

मूल्यम् =)

मास्टरमणिमालाया एकादशो मणिः (ज्यौतिषविभागे चतुर्थः ४)

नरपतिजयचर्योक्त—

अहिबलचक्रम् ।

मिथिलादेशस्थचौगमानिवासिकाशीस्थ-
संन्यासिसंस्कृतपाठशालाध्यापक-
ज्यौतिषाचार्यतीर्थ—

पं० श्रीसीतारामशर्मकृत—

सुबोधिनी-टीकासहितम् ।

तेनैव संशोधितम् ।

तदिदं

"काशीस्थ-संस्कृत-बुक्डिपो" ऽधिपतिभिः

मास्टर खेलाड़ीलाल ऐण्ड सन्स् महानुभावैः

प्रकाशितम् ।

तृतीयावृत्तिः] सम्वत् १९९६ [मूल्यम् =)

अदृष्टं भूस्थितं द्रव्यं शल्यं तोयं च दैवतम् ।
ज्ञायते येन तच्छास्त्रं ज्यौतिषं कैर्न वन्द्यते ॥

जिस शास्त्र के द्वारा भूमि के नीचे गड़े हुए द्रव्य, शल्य आदि का ज्ञान होता है ऐसा ज्योतिष शास्त्र किससे वन्दनीय नहीं है? किन्तु कराल कलिकाल के प्रभाव से दिव्यदृष्टिप्राचीन महर्षियों के बनाए हुए ग्रन्थ लुप्तप्राय हो रहे हैं। जो कुछ उपलब्ध भी हैं उनके गूढ़ अभिप्रायों को हम लोग समझते ही नहीं। समझें कैसे? ऐसे आलसी हो गये हैं कि उनकी खोज भी नहीं करते हैं, अगर थोड़ा भी श्रम उठावें तो अब भी नरपतिजयचर्या, लोमशसंहिता आदि अनेकों ऐसे ग्रन्थ हैं जिनके द्वारा ग्रहण आदि दृश्य गणित के समान–अदृश्यफलगणना में भी सत्यता प्रत्यक्ष हो सकती है।

इस समय भूमिस्थित द्रव्य, शल्य आदि जानने के लिए नरपतिचर्योक्त "अहिबलचक्र" तथा अश्रुत और अदृष्ट वस्तु का पता लगाने में लोमशसंहितोक्त "धराचक्र" ये दोनों अत्यन्त प्रामाणिक हैं। इनमें भी अपने कुल के स्थापित द्रव्य का 'अहिबल चक्र' से और अदृष्ट अश्रुत द्रव्य का 'धराचक्र' से निश्चय करने का आदेश है। लोमशसंहिता में कहा है—

"चक्रेणाहिबलाख्येन स्वकुलैः स्थापितं धनम् ।
अदृष्टं चाश्रुतं वित्तं धराचक्रेण साधयेत् । स्पष्टार्थ

इन दोनों में 'अहिबलचक्र' तो नरपतिजयचर्या में मुद्रित उपलब्ध है। नरपतिजयचर्या से पृथक् भी भाषाटीका सहित मुद्रित हो चुका है। किन्तु उसमें कितने ही स्थानों में त्रुटियों को देखकर सविशेष-सान्वय-सोदाहरण तथा उपपत्ति (युक्ति) सहित, भाषाटीका करके बा० बैजनाथप्रसाद यादव (मास्टर खेलाड़ीलाल ऐण्ड सन्स संस्कृत बुकडिपो के अध्यक्ष) को प्रकाशित करने के लिये मैंने समर्पण किया। यदि इससे सुजनसमाज का कुछ भी उपकार होगा तो मेरा भी यत्न सफल होगा।

'धराचक्र' सम्भवतः आज तक मुद्रित नहीं हुआ था। बहुत अन्वेषण करने पर मुझे लेख-पुस्तक से उपलब्ध हुआ। उसे भी मैंने टीका सहित मुद्रित कराकर आप महानुभावों की सेवा में प्रस्तुत कर दिया है। आप महानुभावों से विशेष प्रार्थना यही है कि इसमें मनुष्यधर्मवश जो कुछ त्रुटि हुई हो उन्हें क्षमा कर मुझे अनुगृहीत करें।

❀ इति शम् ❀

भवदीयकृपाभिलाषी—

श्रीसीतारामझा, चौगमा ।

(सम्प्रति काशी)

सादरं समर्पणम्—

मास्टरमणिमालाया एकादशसंख्यको मणिर्जातः ।
ज्यौतिषशास्त्रविभागे चतुर्थ एवेति नतशिरसा ॥
श्रीविश्वेशपदेभ्यः सादरमादौ समर्प्यते भक्त्या ।
तद्दर्शनगुण-कीर्तन-जातसुखेन प्रकाशकेन मया ॥

* श्रीगणेशाय नमः *

अहिबलचक्रम् ।

टीकाकारकृतमङ्गलाचरणम्—

यत्पादपङ्कजकृपालवमेव लब्ध्वा
मूढोऽपि गूढविषयानिह वक्तुमीशः ।
नत्वा गिरं गणपतिं गगनेचरांस्तान्
विशद्वतेऽहिबलये वितनोमि टीकाम् ॥

अथ वस्तुनिर्देशात्मकं मङ्गलाचरणम्—

अहिचक्रं प्रवक्ष्यामि यथा सर्वज्ञभाषितम् ।
द्रव्यं शल्यं तथा शून्यं येन जानन्ति साधकाः ॥१॥

अन्वयः—साधकाः येन चक्रेण, (भूमौ) द्रव्यं सुवर्णादिकं, शल्यं = अस्थ्यादिकं, तथा शून्यं जानन्ति (तत्) यथा सर्वज्ञभाषितं अहिचक्रं (अहं) प्रवक्ष्यामि ॥ १ ॥

अर्थ—साधकगण जिस चक्र से भूमि में गड़ा हुआ द्रव्य (सुवर्ण रजत आदि) शल्य (हड्डी आदि) तथा शून्य (द्रव्य शल्य रहित स्थान) समझते हैं, उस सर्वज्ञ (महादेवजी आदि) का कहा हुआ अहिचक्र को मैं (नरपतिनामक ग्रन्थकार) कहता हूँ ॥ १ ॥

अथ परिभाषा—

वितस्तिद्वितयं हस्तो राजहस्तश्च तद्द्वयम् ।
दशहस्तैश्च दण्डः स्यात् त्रिंशद्दण्डैर्निवर्तनम् ॥२॥

अन्वयः—वितस्तिद्वितयं हस्तः, तद्द्वयं = हस्तद्वयं राजहस्तः, दशहस्तैः दण्डः स्यात्, त्रिंशद्दण्डैर्निवर्तनं भवति ॥ २ ॥

अर्थ—दो बित्ते का एक हाथ, और दो हाथ का एक राजहस्त (गज) होता है और दश राजहस्त का एक दण्ड होता है। उस दण्ड से ३० दण्ड का एक निवर्तन होता है, अर्थात् ३० दण्ड लम्बा और चौड़ा जमीन एक 'निवर्तन' कहलाता है ॥ २ ॥

अथ चक्रस्थापनप्रकारः—

निधिर्निवर्तनैकस्थः सम्भ्रान्तो यत्र भूतले ।
तत्र चक्रमिदं स्थाप्यं स्थानद्वारमुखस्थितम् ॥३॥

अन्वय—यत्र भूतले निवर्तनैकस्थः निधिः (द्रव्यं) सम्भ्रान्तः, तत्र स्थानद्वारमुखस्थितं इदं = वक्ष्यमाणं चक्रं स्थाप्यम् ॥ ३ ॥

अर्थ—जिस जमीन में एक निवर्तन के भीतर निधि (गाड़ा हुआ धन) सम्भ्रान्त (भूल) हो गया हो उस स्थान के द्वार पर अहिचक्र के मुख रखकर स्थापन करै ॥ ३ ॥

अथ स्थानद्वारज्ञानम्—

गृहे चेत्तद्गृहद्वारे, बहिश्चेदहिमस्तके ।
अथवेन्दुभदिश्येव यदि वा निधिपो यतः ॥
प्रविशेत् तत्र विज्ञेयं स्थानद्वारं त्रिधा बुधैः ।
भाद्रात्त्रिभिस्त्रिभिर्मासैः क्रमात् प्राच्या अहेः शिरः ॥

अहिचक्रमिदं तत्र स्थाप्यं विद्वद्वरैर्यथा ।
द्वारे नागशिरस्तत्र कृत्तिकादीन विन्यसेत् ॥

अर्थः—यदि किसी घरमें भूला हुआ द्रव्य हो तो उस घर के द्वार को ही स्थान का द्वार समझना । यदि बाहर में हो तो जिस दिशा में शेषनाग का शिर हो उसी दिशा में स्थान का द्वार समझना । अथवा कृत्तिकादि सात सात नक्षत्र पूर्वादि दिशाओं में है उस हिसाब से जिस दिशा में चन्द्र नक्षत्र हो उस दिशा में स्थान का द्वार समझना । अथवा द्रव्य का मालिक जिस दिशा से उस स्थान में प्रवेश करै उसी दिशा में स्थान के द्वार समझना । इस प्रकार बाहर में द्रव्य ज्ञान करने में तीन प्रकार से स्थान-द्वार कहा गया है । भाद्र आदि तीन तीन मासों में पूर्वादि दिशाओं में क्रम से शेषनाग का शिर रहता है, अर्थात् भाद्र से तीन मासों में पूर्वमें, अगहन से ३ मासों में दक्षिण, फाल्गुन से ३ मासों में पश्चिम. और ज्येष्ठ से ३ मासों में उत्तर दिशा में । इस प्रकार घर से बाहर में स्थान द्वार का निश्चय कर अहि-चक्र को इस प्रकार स्थापन करै जिससे नाग का मस्तक स्थान द्वार पर पड़ै वहां से कृत्तिकादिक नक्षत्र का न्यास करना चाहिये ॥

तत्र निर्णयः—

प्रकारत्रितयादेव निधिं संसाधयेद् बुधः ।
संवादे द्रव्यलाभः स्याद् विसंवादे न किञ्चन ॥

अर्थः—उपरोक्त तीनों प्रकार से निधि का ज्ञान करै, यदि तीनों प्रकार से वा दो प्रकार से एक वाक्यता हो तो निश्चय द्रव्य लाभ होता है । तीनों में एक वाक्यता न हो तो द्रव्यलाभ नहीं होता है वहाँ १२ श्लोक से चक्र स्थापन करना !

अथ चक्रनिर्माणप्रकारः—

ऊर्ध्वरेखाष्टकं लेख्यं तिर्यक् पञ्च तथैव च ।
अहिचक्रं भवत्येवमष्टाविंशतिकोष्ठकम् ॥४॥

अन्वयः—ऊर्ध्वरेखाष्टकं लेख्यम्, तथैव च पञ्च तिर्यक्रेखाः लेख्याः, एवं अष्टाविंशतिकोष्ठकं अहिचक्रं भवति ॥ ४ ॥

अर्थः—आठ खड़ी रेखा और पाँच पड़ी रेखा लिखने से (२८) अट्ठाइस कोष्ठ का अहिचक्र होता है ॥ ४ ॥

यथा—

अथ चक्रे नक्षत्रस्थापनप्रकारः—

तत्र पौष्णाश्वियाम्यर्क्षं कृत्तिकापितृभाग्यकम् ।
उत्तराफाल्गुनी लेख्यं पूर्वपंक्त्यां भसप्तकम् ॥५॥

अन्वयः—तत्र (चक्रे) पूर्वपङ्क्त्यां पौष्णाश्वियाम्यर्क्षं, कृत्तिका-पितृभाग्यकम्, उत्तराफाल्गुनी इति भसप्तकं लेख्यम् ॥ ५ ॥

अर्थः—उपरोक्त चक्र में ऊपर के पहिली पंक्ति के सात कोष्ठों में क्रम से रेवती, अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मघा, पूर्वफाल्गुनी, उत्तरफाल्गुनी लिखै ॥ ५ ॥

अहिर्बुध्न्याजपादर्क्षं शतभं ब्राह्मसार्पभम् ।
पुष्यं,हस्तं,समालेख्यं❀द्वितीयां पङ्क्तिमास्थितम्॥६॥

अन्वयः—(पुनः) अहिर्बुध्न्याजपादर्क्षं, शतभं ब्राह्मसार्पभं, पुष्यं, हस्तं, द्वितीयां पङ्क्तिं आस्थितं समालेख्यम् ॥ ६ ॥

अर्थ—फिर दूसरी पंक्ति के सातों कोष्ठ में क्रम से उत्तर-भाद्रपदा, पूर्वभाद्रपदा, शतभिषा, रोहिणी, श्लेषा, पुष्य और हस्त लिखे ॥ ६ ॥

विधिर्विष्णुर्धनिष्ठाख्यं सौम्यं रौद्रं पुनर्वसुः ।
चित्राख्यं च तृतीयायां पङ्क्तौ धिष्ण्यस्य‡सप्तकम्॥७॥

अन्वयः—(पुनः) तृतीयायां पंक्तौ विधिः, विष्णुः, धनिष्ठाख्यं सौम्यं, रौद्रं, पुनर्वसुः, चित्राख्यं, 'इति' धिष्ण्यस्य सप्तकं लेख्यम् ॥ ७ ॥

अर्थः—फिर तीसरी पंक्ति के सातों कोष्ठक में क्रम से अभिजित्, श्रवण, धनिष्ठा, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, चित्रा ये नक्षत्र लिखे ॥ ७ ॥

❀'लिखेत्प्राज्ञो' इति पाठः साधुः । ‡ "नक्षत्रसप्तकम्" इति पाठः ।

विश्वर्क्षं तोयभं मूलं ज्येष्ठां मैत्र-विशाखके ।
स्वातिं पङ्क्तौ चतुर्थ्यां च कृत्वा चक्रं विलोकयेत् ॥८॥

अन्वयः—(पुनः) चतुर्थ्यां पंक्तौ विश्वर्क्षं, तोयभं, मूलं, ज्येष्ठां, मैत्रविशाखके, स्वातिं च कृत्वा चक्रं विलोकयेत् ॥ ८ ॥

अर्थ—फिर चौथी पंक्ति के सातों कोष्ठक में क्रम से उत्तराषाढ़ा, पूर्वाषाढ़ा, मूल, ज्येष्ठा, अनुराधा, विशाखा, स्वाती लिखकर चक्र को देखै ॥ ८ ॥

एवं प्रजायते चक्रे प्रस्तारः पन्नगाकृतिः ।
द्वारशाखे मघायाम्ये द्वारस्था कृत्तिका मता॥६॥

अन्वयः—एवं चक्रे पन्नगाकृतिः प्रस्तारः प्रजायते । तत्र द्वारशाखे मघायाम्ये 'तथा' द्वारस्था कृत्तिका मता ॥ ६ ॥

अर्थः—इस प्रकार चक्र में सर्पाकृति प्रस्तार होता है । उसमें द्वार की दोनों शाखाओं में मघा और भरणी, और द्वार में कृत्तिका होती है । पीछे चक्र देखो ॥ ६ ॥

अथ चन्द्रसूर्ययोर्नक्षत्राणि—

अश्वीशपूर्वाषाढ़ादि-त्रिकं पञ्च-चतुष्टयम् ।
रेवती पूर्वभाद्रेन्दोर्भानि*शेषाणि भास्वतः ॥१०॥

अन्वयः—अश्वीशपूर्वाषाढादित्रिकं पञ्च चतुष्टयम्, रेवती, पूर्वभाद्रा 'इति' इन्दोः भानि, शेषाणि भास्वतः = सूर्यस्य भानि भवन्ति ॥ १० ॥

---

*पूर्वभाद्रपदा पौष्णमिन्दोः शेषाणि भास्वतः । इतिपाठः साधुः ।

अर्थ—अश्विनी. से तीन (अ. भ. कृ.) आर्द्रा से पांच (आ. पु. पु. श्ले. म.) और पूर्वाषाढ़ से चार (पू. षा, उ. षा, अभि, श्रवण) तथा रेवती और पूर्वभाद्रपदा ये १४ चन्द्रमा के नक्षत्र हैं और शेष १४ (रो. मृ. पू. फा. उ. फा, ह चि. स्वा, वि. अनु. ज्ये, मूल, ध. श. उत्तरभाद्रपदा) नक्षत्र सूर्य के हैं ॥ ११ ॥

अथ तात्कालिकचन्द्रसाधनम्—

उदयादिगता नाड्यो भघ्नाः षष्ट्याप्तशेषके।
दिनेन्दुभुक्तयुक्ते स भवेत् तत्कालचन्द्रमाः ॥११॥

अन्वयः—(प्रश्नकालिकनक्षत्रस्य) उदयादिगताः नाड्यः भघ्नाः = सप्तविंशतिगुणिताः (ततः) षष्ट्याप्तशेषके दिनेन्दुभुक्तयुक्ते कार्ये, स तत्कालचन्द्रमाः भवेत् ॥ ११ ॥

अर्थ—प्रश्नकालमें वर्तमान नक्षत्र के उदय (अर्थात् आरम्भ काल) से जितनी घटी गत हो गई हो अर्थात् इष्ट काल में जितनी भयातघटी हो, उसको २७ से गुना करके ६० साठ अर्थात् भभोग घटी से भाग देना लब्धि और शेष जो हो उसमें अश्विनी आदि गत चन्द्र नक्षत्र की संख्या जोड़ने से तात्कालिक चन्द्रमा होते हैं अर्थात् स्पष्टचन्द्रनक्षत्र होता है ॥ ११ ॥

उदाहरणम्—

आदौ भयातभभोगपरिभाषा मदीया—
नक्षत्रारम्भतः स्वेष्ट-कालं यावद् गतं भवेत्।
घट्यादिकं भयातं तद्, भस्य भोगो भभोगकः ॥

अर्थ—वर्तमान नक्षत्र के आरम्भ समय से इष्ट काल पर्यन्त

जितनी घटी और पल गत हुआ हो वह 'भयात' कहलाता है। और वर्तमान नक्षत्र का सम्पूर्ण (आरम्भ से अन्त तक) भोग काल घट्यादिक भभोग कहलाता है।

अथ भयातभभोगसाधनप्रकारो मदीयः—

षष्ट्या गतर्क्षघट्याद्यं शोध्यं स्वेष्टघटीयुतम्।
भयातं स्यात् तथा स्वर्क्षघटीयुक्तं भभोगकः॥

अर्थ—पञ्चाङ्ग में गत नक्षत्र की घटी और पल जो लिखा हो उसे ६० में घटा का शेष में इष्ट घटी पल जोड़ देने से भयात होता है। और उसी शेष में वर्तमान नक्षत्र की पञ्चाङ्गस्थ घटी और पलको जोड़ देने से भभोग होता है।

विशेष—

पञ्चाङ्गर्क्षघटीमानादिष्टकालोऽधिकस्तदा ।
तदन्तरं भयातं स्याद् भभोगः पूर्ववत् सदा॥

अर्थ—पञ्चाङ्ग में नक्षत्र का मान जो घटी, पल लिखा रहता है उससे इष्टकाल अधिक हो (अर्थात् अग्रिम नक्षत्र में इष्टकाल हो) तो उन दोनों का अन्तर (अर्थात् इष्टकाल में नक्षत्र मान घटी, पल को घटा कर शेष) भयात होता है। भभोग पूर्ववत् साधन करै। अथवा अपनी बुद्धि से पूर्व श्लोक के अनुसार भयात भभोग साधन कर लेना चाहिये।

यथा—

संवत् १९८५ चैत्र शुक्ल ५ पञ्चमी सोमवार में सूर्योदय से पन्द्रह दण्ड बीस पल (१५ । २०) इष्टकाल में प्रश्न किया तो

पञ्चाङ्ग के तिथि नक्षत्र—

तिथि	वार	घ. प.	नक्षत्र	घ. प.
४	रवि	२८।५७	भ.	१५।२६
५	चं.	२२।५७	कृ.	११।२५
६	मं.	१७।२३	रो.	६।३५

यहाँ ५ सोमवार में कृत्तिका नक्षत्र के मान (११ । २५) से इष्टकाल (१५ । २०) अधिक है इसलिये इष्टकाल में नक्षत्रमान को घटाया तो शेष ३ । ५५ रोहिणी के आरम्भ से इष्टकाल तक गत घटी हुई यही ३ । ५५ भयात हुआ।

तथा इष्टकाल में रोहिणी वर्तमान होने के कारण गतर्क्ष कृत्तिका हुई, उसका मान पञ्चाङ्ग में ११ । २५ है इसको ६० में घटाया तो शेष ४८ । ३५ रहा, इसमें रोहिणी का पञ्चाङ्गस्थ घटी ६ । ३५ जोड़ दिया तो ५५ । १० भभोग हुआ।

अथ चन्द्रसाधनोदाहरणम्—

"उदयादिगता नाड्यः" इत्यादि श्लोक के अनुसार भयात ३ । ५५ को एक जातीय करके २३५ हुआ, इसको २७ से गुना किया तो ६३४५ हुआ, इसमें भभोग (५५ । १०) के एकजाती ३३१० से भाग दिया प्रथमलब्धि १ । शेष ३०३५ को ६० गुना कर १८२१०० इसमें भभोग ३३१० से भाग दिया तो दूसरी लब्धि ५५ फिर शेष ५० को ६० से गुना कर ३००० इसमें उसी ३३१० से भाग दिया तो तीसरी लब्धि ० वर्तमान नक्षत्र के पल हुए।

भागक्रियादर्शनम् ।

भाजक) भाज्य (लब्धि
३३१०) ६३४५ (१=नक्षत्र

३३१०

नक्षत्रशेष = ३०३५
×६०

३३१०) १८२१०० (५५ = घटी
१६५५०

१६६००
१६५५०

घटी शेष = ५०
×६०

३३१०) ३००० (० = पल

इस प्रकार नक्षत्रादि लब्धि = १ । ५५ । ० में अश्विनी से इष्टकाल में गत नक्षत्र कृत्तिका तक की संख्या ३ जोड़ दिया तो ४ । ५५ । ० यह स्पष्ट चन्द्र का नक्षत्र हुआ, अर्थात् ४ रोहिणी गत, वर्तमान मृगशिरा के दण्ड पल (५५ । ०) पर चन्द्रमा हैं। इसी प्रकार सर्वत्र भयात भभोग पर से चन्द्रमा का नक्षत्र समझना। इस प्रकार यहाँ १० वाँ श्लोक के अनुसार सूर्य के नक्षत्र में चन्द्रमा हुआ।

इसकी उपपत्ति (युक्ति)—

यह है—कि जितने काल में चन्द्रमा एक नक्षत्र का भोग करते हैं, उतने ही काल में उसी नक्षत्र से आरम्भ कर २७ सत्ता:

इस नक्षत्रों का भोग (अन्तर) बीतता है इस लिये त्रैराशिक से अनुपात हुआ कि—यदि भभोग घटी में २७ नक्षत्र तो भयात घटी में क्या = $\frac{२७ \times भयात}{भभोग}$ लब्धि-गत नक्षत्र, शेष वर्तमान नक्षत्र की घटी और पल होता है, अश्विन्यादि से नक्षत्र की संख्या जानने के लिये गत चन्द्रनक्षत्र जोड़ा जाता है। यहाँ आचार्य ने भभोग के स्थान में स्वल्पान्तर से ६० ग्रहण किया ॥ ११ ॥

अथ स्थानद्वारज्ञानम्—

षष्टिघ्नं तं निशानाथं शरवेदाप्तकं पुनः ।
त्रिभिर्भक्त्वा युगैः शेषं प्रागादि-चक्रवक्त्रगम् ॥१२॥

अन्वयः—तं निशानाथं = चन्द्रं, षष्टिघ्नं, शरवेदाप्तकम्, पुनः त्रिभिः भक्त्वा, युगैः शेषं प्रागादि-चक्रवक्त्रगं (ज्ञेयम्) ॥ १२ ॥

अर्थः—"उदयादिगना नाड्यः" इत्यादि प्रकार से साधित स्पष्ट नक्षत्रात्मक चन्द्र को ६० साठ से गुना करके उसमें ४५ से भाग देकर फिर तीन का भाग देने से सशेष लब्धि को चार से तष्टित करने से शेष पूर्वादि-दिशास्थित-चक्रके मुख (द्वार) समझना चाहिये । अर्थात् १ में पूर्व, २ में दक्षिण, ३ में पश्चिम, ४ में उत्तर स्थान के द्वार होता है* ॥ १२ ॥

---

* षष्टिघ्नं तं निशानाथं शरविश्वाप्तशेषकम् ।
युगैर्भक्त्वा भवेच्छेषं प्रागादि-चक्रवक्त्रगम् ॥ इति पाठान्तरम् ॥
अन्वयः—तं निशानाथं षष्टिघ्नं शरविश्वाप्तशेषकम्,
युगैः = ४ चतुर्भिः भक्त्वा शेषं प्रागादिचक्रवक्त्रगं भवेत् ।
अर्थ—उपरोक्त चन्द्र को ६० से गुनाकर, १३५ का भाग देने से शेष सहित जो लब्धि हो उसको ४ से तष्टित करने पर एकादि शेष से पूर्वादि-दिशाओं में चक्र मुख (स्थान का द्वार) होता है ॥

इसकी उपपत्ति युक्ति—

पूर्वोक्तनक्षत्रात्मक चन्द्रमा $= \text{गन} + \frac{२७ \times \text{भया}}{६०}$

$= \frac{६० \text{ गन} + २७ \times \text{भया}}{६०}$ अनुपात से

राश्यात्मक चन्द्रमा $= \frac{(६० \text{ गन} + २७ \text{ भया})\, १२}{६० \times २७}$

$= \frac{६० \text{ गन} + २७ \text{ भया}}{४५ \times ३} = \frac{६० \times \text{पूर्वोक्तचन्द्र}}{१३५}$

मेषादिक राशियों में क्रम से पूर्वादिदिशाओं में चन्द्रमा रहते हैं इस लिये ४ से शेषित कर एकादिशेषों में पूर्वादिदिशा में चन्द्रमा रहते हैं, जिधर चन्द्रमा रहते हैं उधर स्थानका द्वार होना चाहिये। और उधर ही चक्र का मुख स्थापन करै। यह मुख्य पक्ष है।

उदाहरणम्—

पूर्वोक्त चन्द्रमा ४।५५।० इसको ६० से गुना किया तो २९५।० हुआ इसमें ४५ और ३ (अर्थात् ४५ × ३ = १३५) का भाग देना है इस लिये भाज्य २९५।० को ६० से गुना कर एक जातीय किया तो १७७०० हुआ, इसे ६० से गुना करने के कारण भाजक १३५ को भी ६० से गुना कर ८१०० हुआ इसका भाग दिया। भागक्रियादर्शन— [आगे पृष्ठ में देखो]

—•—

भाजक) भाज्य (लब्धि
८१००) १७७०० (२ रा

१६२००

राशि शेष= १५००

×३०

८१००) ४५००० (५ अंश
४०५००

अंश शेष= ४५००

×६०

८१००) २७०००० (३३ क
२४३००

२७०००

२४३००

कलाशेष= २७००

×६०

८१००) १६२००० (२० वि
१६२०००

शेष= ० ॥

इस प्रकार राश्यादि चन्द्रमा २।५।३३।२० यह चार ४ से अल्प है। इसलिये चार से तष्टित करने की आवश्यकता नहीं हुई, जहाँ राशि के स्थान में चार से अधिक हो वहाँ ४ से तष्टित कर पूर्वादि दिशा समझना। इस प्रकार यहाँ शेष तीसरी राशि में चन्द्रमा है इसलिये चक्र का मुख पश्चिम द्वार में हुआ ॥ १२ ॥

बहुत पुस्तकों में—

"षष्टिघ्नं तं निशानाथं शरवेदाप्तकं पुनः।
युगैः शेषं भवेद्यत्तत् प्रागादिचक्रवक्त्रगम् ॥

इस प्रकार प्रामादिक पाठ है, जिससे कुछ भी अर्थ नहीं निकलता है ॥ इति ॥

अथ स्पष्टसूर्यसाधनम्—

**चन्द्रवत् साधयेत् सूर्यमृक्षस्थं चेष्टकालिकम् ।
पश्चाद्विलोकयेत् तौ च स्वर्क्षे वा चान्यभे स्थितौ॥१३॥**

अन्वयः—चन्द्रवत् इष्टकालिकं ऋक्षस्थं सूर्यञ्च साधयेत् । पश्चात् तौ = चन्द्रसूर्यौ स्वर्क्षे स्वस्वभे स्थितौ, वा अन्यभे स्थितौ, इति विलोकयेत् ॥ १३ ॥

अर्थः—जिस प्रकार चन्द्रनक्षत्र के भयात और भभोग पर से स्पष्ट चन्द्रमा का साधन ऊपर हुआ है उसी प्रकार इष्टकाल में नक्षत्रस्थित स्पष्टसूर्य का साधन करै, (अर्थात् जिस नक्षत्र में सूर्य हो उस नक्षत्र में सूर्य के प्रवेशकाल से इष्टकाल तक गत दिनादिक को सूर्य सम्बन्धी भयात मानना, और वर्तमान नक्षत्र के प्रवेश समय से अग्रिम नक्षत्र में सूर्य के प्रवेश समय तक सूर्य सम्बन्धी भभोगकाल होता है । इस प्रकार सूर्य का भयात और भभोगकाल बनाकर सूर्यभयात काल को २७ से गुना करके उनमें सूर्यभभोग कालका भाग देना, लब्धि पूर्व प्रकार दिनादिक तीन स्थान लेना उसमें सूर्यभुक्त नक्षत्र की संख्या अश्विनी से गिन कर जोड़ने से स्पष्ट सूर्य का नक्षत्र होता है, वही तात्कालिक सूर्य

कहलाता है) पश्चात् सूर्य और चन्द्रमा को देखना कि अपने अपने नक्षत्र में हैं या भिन्न भिन्न २ नक्षत्र में ॥ १३ ॥

सूर्यसाधनोदाहरणम् —

उपरोक्त प्रश्न समय (इष्टकाल) में सूर्य उत्ताराभाद्रपदा में हैं । चैत्र कृष्णा ९ शुक्रवार में ५२।३५ घड़ी पल पर उ. भा. में सूर्यका प्रवेश हुआ उस समय से चैत्र शुक्ल ५ सोम (१५।२०) इष्टकाल तक दिनादिक ६।२२।४५ (अर्थात् ६ दिन, २२ घड़ी ४५ पल) यह सूर्यसम्बन्धी भयात काल हुआ । तथा चैत्र शुक्ल ९ शुक्रवार में १९।५० घटी पल पर अग्रिम (रेवती) नक्षत्र में सूर्य का प्रवेश है, इस लिये उ. भा. में सूर्य के प्रवेश समय से रेवती में प्रवेश समय तक अन्तर दिन घटी पल (१३।२७।१५) यह सूर्य का भभोगकाल हुआ । अब चन्द्रमा के साधनवत् सूर्य के भयात दिनादि (६।२२। ४५) को एक जातीय करके ३३७६५ हुआ इसको २७ से गुना किया तो ९११६५५ हुआ, इसमें सूर्यके भभोगदिनादि (१३।२७।१५) के एक जातीय ४८४३५ से भाग दिया लब्धि में तीन स्थान (नक्षत्र, घड़ी पलात्मक) पूर्ववत् ग्रहण किया तो १८।४६।२० हुआ । भागक्रिया प्रदर्शन— [१६ पृष्ठ में देखो]

—

हर भाज्य लब्धि

४८४३५) ९११६५५ (१८ = नक्षत्र
४८४३५
———
४२७३०५
३८७४८०
———
३९८२५ = नक्षत्र शेष
× ६०
———
४४८३५) २३८९५०० (४९ = घटी
१९३७४०
———
४५२१००
४३५९१५
———
१६१८५ = घटी शेष
× ६०
———
४८४३५) ९७११०० (२० = पल
९६८७००
———
२४०० = शेष का त्याग

इस प्रकार नक्षत्रादि लब्धि १८।४९।२० में इष्टकालिक सूर्य के भुक्त पूर्वाभाद्र तक की संख्या २५ अश्विनी से गिनकर जोड़ दिया तो ४३।४९।२० हुआ। यह नक्षत्र संख्या (२७) से अधिक है इस लिये २७ से तष्टित करने से शेष १६।४९।२० स्पष्ट सूर्य नक्षत्र हुआ, अर्थात् १६ वां विशाखा गत हुआ, वर्तमान अनुराधा के ४९ घड़ी, २० पल पर स्पष्ट सूर्य हुआ। उपपत्ति पूर्ववत् स्पष्ट है।

'अश्वीश' इत्यादि १० वां श्लोक के अनुसार सूर्य अपने नक्षत्र में हुआ। यहां सूर्य और चन्द्रमा दोनों सूर्य के नक्षत्र में पड़े इसलिये "चन्द्रऋक्षे यदार्केन्दू" इत्यादि १४ वां श्लोकके अनुसार शल्य की सम्भावना हुई ॥ १३ ॥

२७ नक्षत्र के बीच में अभिजित् का मान—

विश्वेदेवान्त्यतुर्यांशः श्रुतिपञ्चदशांशकः ।
आदिमश्चाभिजिन्मानं ज्ञेयं दैवविदा सदा ॥

अर्थ—उत्तराषाढ़ के अन्तिम चरण और श्रवण के आदिम १५ वाँ भाग अभिजित् नक्षत्र का मान है। गणना करने में नक्षत्र की संख्या २७ ही लेना चाहिये।

अथ द्रव्यादिज्ञानम्—

चन्द्रऋक्षे यदार्केन्दू तदाऽस्ति निश्चितं निधिः ।
भानुऋक्षे स्थितौ तौ चेत्तदा शल्यं न चान्यथा॥१४॥

अन्वयः—यदा अर्केन्दू चन्द्रऋक्षे 'स्याताम्' तदा निश्चितं निधिः 'अस्ति' तौ (अर्केन्दू) चेत् = यदि भानुऋक्षे स्थितौ तदा शल्यं (अस्तीति ज्ञेयम्) अन्यथा न = न किञ्चिदित्यर्थः ॥ १४ ॥

अर्थ—उपरोक्त विधि से साधित सूर्य और चन्द्रमा दोनों चन्द्रमा के नक्षत्र में हों तो निश्चय निधि (द्रव्य) है, और यदि सूर्य और चन्द्रमा दोनों सूर्य के नक्षत्र में हों तो शल्य है ऐसा समझना। अन्यथा कुछ भी नहीं कहना ॥ १४ ॥

स्वस्वभे द्वितयं ज्ञेयं नास्ति किञ्चिद्विपर्यये ।
स्थितं न लभते द्रव्यं चन्द्रे क्रूरग्रहान्विते ॥१५॥

अन्वयः—तौ यदि स्वस्वभे स्थितौ तदा द्वितयं (निधिः शल्यं च) ज्ञेयम्। विपर्यये (सूर्यभे चन्द्रः, चन्द्रभे सूर्यस्तदा) किञ्चिन्नास्ति। चन्द्रे क्रूरग्रहान्विते स्थितं अपि द्रव्यं न लभते ॥ १५ ॥

अर्थ—यदि सूर्य और चन्द्रमा अपने अपने नक्षत्र में हों तो निधि और शल्य दोनों कहना। यदि विपर्यय (सूर्य के नक्षत्र में चन्द्र, चन्द्र के नक्षत्र में सूर्य हों) तो कुछ भी नहीं कहना। यदि चन्द्रमा पाप ग्रह से युक्त हो तो स्थित द्रव्य का भी लाभ नहीं होता है ॥ १५ ॥

विशेष—

यत्र कोष्ठे स्थितश्चन्द्रस्तत्र कोष्ठे निधिं वदेत्।
यत्र कोष्ठे स्थितः सूर्यस्तत्र शल्यं विनिर्दिशेत् ॥

अर्थ—तात्कालिक साधित चन्द्रमा जिस कोष्ठ में हो जमीन में उसी कोष्ठ में निधि (द्रव्य) कहना। और जिस कोष्ठ में सूर्य हों उस कोष्ठ में शल्य कहना ॥

शुभक्षेत्रे गते चन्द्रे द्रव्यलाभो न संशयः।
पापक्षेत्रे न लाभः स्याज्ज्ञातव्यं दैवविद्वरैः ॥१६॥

अन्वयः—चन्द्रे शुभक्षेत्रे गते सति द्रव्यलाभः स्यात्, अत्र संशयः न। चन्द्रे पापक्षेत्रे गते सति न लाभः स्यात्, इति दैवविद्वरैः ज्ञातव्यम् ॥ १६ ॥

अर्थ—चन्द्रमा शुभग्रह की राशि में हो तो निश्चय द्रव्य लाभ हो इसमें संशय नहीं है। यदि पाप ग्रह की राशि में चन्द्रमा हो तो द्रव्यलाभ नहीं होता है ॥ १७ ॥

विशेषः—

राशिस्वामिनः—

सिंहस्याधिपतिः सूर्यः कर्कस्याधिपतिः शशी।
मेषवृश्चिकयोर्भौमो बुधो मिथुनकन्ययोः॥
धनुर्मीनपतिर्जीवः शुक्रो वृषतुलापतिः।
एवं चाधिपतिः प्रोक्तः शनिर्मकरकुम्भयोः॥

अर्थ—सूर्य सिंह के, चन्द्रमा कर्क के, मंगल मेष और वृश्चिक के, बुध मिथुन और कन्या के, बृहस्पति धनु और मीन के, शुक्र वृष और तुला के, शनि मकर और कुम्भ के स्वामी हैं।

पाप और शुभग्रह—

क्षीणचन्द्रार्कभौमार्क्यः पापास्तत्संयुतो बुधः।
पापोऽन्यथा शुभो ज्ञेयस्तथा चान्ये शुभग्रहाः॥

अर्थः—क्षीणचन्द्रमा, सूर्य, मंगल, शनि ये पापग्रह हैं। यदि इनसे युक्त बुध हो तो वह भी पापग्रह कहलाता है, अन्यथा शुभ ग्रह कहलाता है, अन्य (पूर्ण चन्द्र, बुध, बृहस्पति, शुक्र) ये शुभग्रह हैं॥

पुष्टे चन्द्रे भवेन्मुद्रा क्षीणे चन्द्रेऽल्पको निधिः।
ग्रहदृष्टिवशात्सोऽपि विज्ञेयो नवधा बुधैः॥१७॥

अन्वयः—पुष्टे चन्द्रे मुद्रा भवेत्, क्षीणे चन्द्रे सति, अल्पकः निधिः भवेत् सोऽपि ग्रहदृष्टिवशात् बुधैः=पण्डितैः नवधा विज्ञेयः॥१७॥

अर्थ—चन्द्रमा पुष्टबल हो तो मुद्रा (राजमुद्रा=रुपया) आदि, यदि चन्द्रमा क्षीणबल हो तो थोड़ा द्रव्य कहना। उसमें भी नवों ग्रह की दृष्टि वश से नव प्रकार के द्रव्य होते हैं॥ १७॥

ग्रहदृष्टिचक्रम्—

सू.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.	
३।१०	३।१०	३।१०	३।१०	३।१०	३।१०		१ चरण
९।५	५।९	५।२	५।९		५।९	५।९	२ चरण
४।८	४।८		४।८	४।८	४।८	४।८	३ चरण
७	७	४।८ ७	७	७ ९।५	७	७	४ चरण

अपने स्थान से उक्त स्थानों में दृष्टि होती है।

हेम तारं च ताम्रारं रत्नं कांस्यायसं त्रपु।
नागं चन्द्रे विजानीयाद् भास्करादिग्रहेक्षिते ॥१८॥

अन्वयः—भास्करादिग्रहेक्षिते चन्द्रे सति क्रमेण हेम, तारं, ताम्रारं, रत्नं, कांस्यायसं, त्रपु, नागं च विजानीयात् ॥ १८ ॥

अर्थः—यदि चन्द्रमा पर सूर्य की दृष्टि हो तो सुवर्ण, दैनिक चन्द्र की दृष्टि से मोती, मंगल की दृष्टि हो तो ताँबा, बुध की दृष्टि हो तो पीतल, बृहस्पति की दृष्टि हो तो रत्न, शुक्र की दृष्टि हो तो कांसा, शनि की दृष्टि हो तो लोहा, राहु की दृष्टि हो तो राँगा, और केतु की दृष्टि हो तो शीशा कहना ॥ १८ ॥

मिश्रैर्मिश्रं भवेद्द्रव्यं शून्यं दृष्टिविवर्जिते।
सर्वग्रहेक्षिते चन्द्रे निर्दिष्टोऽसौ महानिधिः॥१९॥

अन्वयः—मिश्रग्रहैः दृष्टे मिश्रं द्रव्यं ज्ञेयम्, दृष्टिविवर्जिते=ग्रहदृष्टिविवर्जिते चन्द्रे शून्यं ज्ञेयम्। सर्वग्रहेक्षिते चन्द्रे, असौ महानिधिः निर्दिष्टः ॥ १९ ॥

अर्थ—मिश्र (अर्थात् एक से अधिक) ग्रह की दृष्टि हो तो उन ग्रहों के जो द्रव्य कहे हैं वे सब समझना, यदि किसी ग्रह की दृष्टि चन्द्रमा पर न हो और चन्द्र क्षीणबली हो तो शून्य (कुछ भी नहीं) समझना, यदि सब ग्रह की दृष्टि हो तो महानिधि (बहुत द्रव्य) समझना ॥ १९ ॥

हेम रूप्यं च ताम्रारं पाषाणं मृन्मयायसम्।
सूर्यादिगृहगे चन्द्रे द्रव्यभाण्डं प्रजायते ॥२०॥

अन्वयः—चन्द्रे सूर्यादिगृहगे सति क्रमेण, हेम, रूप्यं, च पुनः ताम्रारं (ताम्रं, आरं) पाषाणं, मृन्मयायसम् (मृन्मयं, आयसम्) एवं सप्तविधं द्रव्यभाण्डं=द्रव्यभाजनं प्रजायते ॥ २० ॥

अर्थः—चन्द्रमा सूर्य की राशि में हो तो सोने के बर्तन में द्रव्य है, अपनी राशि में हो तो रूपे के पात्र में, मंगल की राशि में हो तो ताँबे के पात्र में, बुध की राशि में हो तो पीतल के पात्र में, बृहस्पति की राशि में हो तो पत्थर के पात्र में, शुक्र की राशि में हो तो मिट्टी के पात्र में, शनि की राशि में हो तो लोहे के पात्र में द्रव्य समझना ॥ २० ॥

द्रव्य कितने हाथ नीचे जमीन में है—

भुक्तराश्यंशमानेन भूमानं कामिकैः करैः।
नीचे द्विघ्नं परे नीचे जलस्थोऽसौ भवेन्निधिः ॥२१॥

अन्वयः—भुक्तराश्यंशमानेन कामिकैः करैः भूमानं (कल्पयेत् इति शेषः) चन्द्रे नीचे सति द्विघ्नं = द्विगुणितं ज्ञेयम्, परे नीचे = परमे नीचे चन्द्रे असौ निधिः जलस्थः भवेत् ॥ २१ ॥

अर्थ—चन्द्र राशि के जितने अंश गत हो गये हों उस हिसाब से कामिक (द्रव्य के मालिक) के हाथ से भूमान कल्पना करे, अर्थात् चन्द्रमा के जितने अंश भुक्त हो गये हों उतने हाथ नीचे, अथवा जितने नवांशगत हो उतने हाथ नीचे, जमीन में द्रव्य रहता है। यदि चन्द्रमा नीच राशि (वृश्चिक) के हों तो जितने अंश, या नवांश भुक्त हो उससे द्विगुणित हस्त नीचे द्रव्य रहता है। यदि चन्द्रमा परम नीच (वृश्चिक के ३ तीसरा अंश) में हो तो जमीन के नीचे जल में द्रव्य रहता है ॥ २१ ॥

ग्रहों के उच्चनीच समझने का चक्र—

ग्र.	रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	बृह.	शुक्र.	शनि
उच्च	मे.	वृ	मकर	कन्या	कर्क	मीन	तुला.
रा.अं.	० १०	१ ३	९ २८	५ १५	३ ५	११ २७	६ २०
नीच	तु.	वृश्चिक	कर्क	मीन	मकर	कन्या	मेष
रा.अं.	६ १०	७ ३	३ २८	११ १५	९ ५	५ २७	० २०

स्वोच्चस्थे तूर्ध्वगं द्रव्यं नवमांशक्रमेण च।
परमोच्चे स्थिते चन्द्रे भित्तिस्थमृक्षसङ्क्रमे ॥२२॥

अन्वयः—चन्द्रे स्वोच्चस्थे तु नवमांशक्रमेण ऊर्ध्वगं द्रव्यं (ज्ञेयम्)। परमोच्चे स्थिते, तथा ऋक्षसंक्रमे भित्तिस्थं द्रव्यं (ज्ञेयम्)॥ २२॥

अर्थः—चन्द्रमा अपनी उच्च राशि में हो तो नवमांश के क्रम से जहाँ द्रव्य गड़ा हो वह वहाँ से ऊपर है ऐसा समझना। यदि परम उच्च (वृष के ३ अंश में) चन्द्रमा हो वा नक्षत्र सन्धि में हो तो जमीन से भी ऊपर भिति (दिवाल) में द्रव्य समझना॥ २२॥

द्रव्यसंख्याज्ञान—

चन्द्रभुक्तांशमानेन द्रव्यसंख्या विधीयते।
तस्या दशगुणा वृद्धिः षड्वर्गेन्दुबलक्रमात्॥२३॥

अन्वयः—चन्द्रभुक्तांशमानेन द्रव्यसंख्या विधीयते, षड्वर्गेन्दुबलात् तस्याः=संख्यायाः दशगुणा वृद्धिः (भवति)॥ २३॥

अर्थः—चन्द्रमा जितने अंश भोग कर चुके हों उतनी ही द्रव्य की संख्या समझना। तथा चन्द्रमा के षड्वर्ग बल के क्रमसे संख्या की दश गुना वृद्धि होती है। अर्थात् गृह, होरा, द्रेष्काण, नवांश, द्वादशांश और त्रिंशांश ये ६ षड्वर्ग कहलाते हैं। इनमें किसी एकमें हो तो भुक्तांश के हिसाब से जो संख्या हो उसे १० गुना करना, दो वर्ग में हो तो १०० सौ गुना, ३ वर्ग में १००० से, ४ वर्ग में हो तो १०००० से, ५ वर्ग में हो तो १००००० से, ६ छवो वर्ग अपने ही हो तो १०००००० से संख्या को गुना कर द्रव्य का प्रमाण कहना॥ २३॥

द्रव्य के अधिष्ठायक देवता—

अधिष्ठितं भवेद् द्रव्यं यत्र चन्द्रो ग्रहान्वितः ।
तदधिष्ठायको ज्ञेयो भास्करादिग्रहैः क्रमात् ॥२४॥

अन्वयः—यत्र चन्द्रो ग्रहान्वितः 'वर्तते' तत्र अधिष्ठितं द्रव्यं ज्ञेयम् । भास्करादिग्रहैः 'युते चन्द्रे' क्रमात् तदधिष्ठायको ज्ञेयः ॥२४॥

अर्थः—जिस स्थान (अहिचक्र के कोष्ठ) में चन्द्रमा किसी ग्रह से युक्त बैठा हो उस स्थान में अधिष्ठित द्रव्य समझना । और सूर्यादि ग्रह से चन्द्रमा युक्त हो तो क्रम से नीचे लिखे हुए देवता उस द्रव्य के अधिष्ठायक होते हैं ॥ २४ ॥

यथा—

†ग्रहं *मुग्धग्रहं चैव क्षेत्रपालं च मातृकाः ।
दीपेशं भीषणं रुद्रं यक्षं नागं विदुः क्रमात् ॥२५॥

अन्वयः—(सूर्यादिग्रहैर्युते चन्द्रे) ग्रहं, मुग्धग्रहं, क्षेत्रपालं, मातृकाः, दीपेशं, भीषणं, रुद्रं यक्षं, नागं, इति क्रमात् (द्रव्याधिष्ठायकं) विदुः ॥ २५ ॥

अर्थ—चन्द्रमा सूर्य से युक्त हो तो ग्रह, दैनिक चन्द्रमा से युक्त हो तो मुग्धग्रह, मंगलसे युत हो तो क्षेत्रपाल,बुध से युत हो तो मातृका, बृहस्पति से युत हो तो दीपेश, शुक्र से युत हो तो भीषण, शनि से युत हो तो रुद्र, राहु से युत हो तो यक्ष, केतु से युत हो तो नाग ये द्रव्य के अधिष्ठायक कहे गये हैं ॥२५॥

---

† ग्रह = नवग्रह । *मुखग्रहं चैव इति पाठान्तरम् । मुखग्रह = सूर्य ।

अधिष्ठायक देवता की पूजा का विधान—

ग्रहे होमः प्रकर्तव्यः मुग्धे नारायणी बलिः ।
क्षेत्रपाले सुरामांसं मातृकासु महाबलिः ॥२६॥

अन्वयः—ग्रहे अधिष्ठायके सति होमः प्रकर्तव्यः, मुग्धे नारायणी बलिः, क्षेत्रपाले सुरामांसं (देयम्) मातृकासु महाबलिः ॥ २६ ॥

अर्थ—यदि द्रव्य के अधिष्ठायक ग्रह हों तो होम करना चाहिये, मुग्ध हो तो नारायणी बलि देना चाहिये, क्षेत्रपाल हो तो मदिरा और मांस देना चाहिये, मातृका हो तो महाबलि करना चाहिये ॥ २६ ॥

दीपेशे दीपजा पूजा भीषणे भीषणार्चनम् ।
रुद्रे च रुद्रजो जाप्यो यक्षे यक्षादिशान्तयः॥२७॥

अन्वयः—दीपेशे दीपजा पूजा, भीषणे भीषणार्चनम्, रुद्रे च रुद्रजो जाप्यो, यक्षे यक्षादिशान्तयः कार्याः ॥ २७ ॥

अर्थ—दीपेश द्रव्य के अधिष्ठाता हो तो दीपपूजा, भीषण हो हो तो भीषण की पूजा, रुद्र हो तो रुद्रजप (रुद्रीपाठ आदि) यक्ष हो तो यक्ष की शान्ति करे ॥ २७ ॥

नागे नागगणाः पूज्या गणनाथेन संयुताः ।
लक्ष्मीं धरादितत्त्वानि सर्वकार्येषु पूजयेत् ॥२८॥

अन्वयः—नागे अधिष्ठायके सति गणनाथेन संयुक्ता नागगणाः पूज्याः । तथा सर्वकार्येषु लक्ष्मीं धरादितत्त्वानि पूजयेत् ॥ २८ ॥

अर्थ—नाग द्रव्याधिष्ठायक हों तो गणेश सहित नागगण की

पूजा करै, तथा सब कार्यों में श्रीलक्ष्मी तथा धरादिक पाँचों तत्त्व (पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि, आकाश) की पूजा अवश्य करै ॥२८॥

एवं कृत्वा विधानेन निधिः साध्योऽपि सिद्ध्यति।
निधिं प्राप्ता नरा लोके वन्दनीया न संशयः ॥२९॥

अन्वयः—विधानेन एवं कृत्वा साध्यः निधिः सिद्ध्यति। अपि=निश्चयेन। तथा निधिं प्राप्ताः नराः लोके वन्दनीयाः भवन्ति, अत्र संशयः न ॥ २९ ॥

अर्थः—विधि पूर्वक इस प्रकार द्रव्याधिष्ठायक की पूजा करके साध्य निधि की अवश्य सिद्धि होती है। तथा निधिको जानने वाले लोक में वन्दनीय होते हैं ॥ २९ ॥

पद्मासने चन्द्रातपेन "ऐं क्लीं हूँ वद वद वाग्वादिनि स्वाहा" इति मन्त्रं षण्मासपर्यन्तं त्रिसन्ध्यं जपेत् तदा निधिप्राप्तिर्भवति।

इति ब्रह्मयामलीयस्वरोदये "अहिबलचक्रम्" समाप्तम्।

उपरोक्त विधि से मन्त्र को ६ महीने तक जपने से द्रव्यप्राप्ति होती है।

चौगमाग्रामवास्तव्य—श्रीसीतारामशर्मणा।
अहिचक्रे कृता टीका समाप्तेयं सुबोधिनी ॥

इति ज्यौतिषाचार्य—पण्डित—श्रीसीतारामशर्मकृता
सुबोधिनी टीका समाप्ता ॥ शुभम् ॥

कमसिंह

1413 III

سمت کتک سنک

اسوں پروشٹہ 31 دن بدھوار

رات کے پانچ بج کر ۹ منٹ

سمت ۲۰۵۷ احمد جمیل ۱/۱

عبدہٗ نانہ